पंजाब केसरी
WED,28 OCTOBER 2026
EDITION: HIMACHAL , PAGE NO. 1

टी.ई.टी. नवम्बर-2026 के लिए 38,355 अभ्यर्थियों के आवेदन सही

■ शुल्क जमा न करवाने पर 1,629 फॉर्म निरस्त

धर्मशाला, 27 अक्तूबर (सुनील) : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित की जाने वाली शिक्षक पात्रता परीक्षा नवम्बर-2026 की 10 श्रेणियों के लिए कुल 39,984 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया है। इनमें से जांच के बाद 38,355 अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र सही पाए गए हैं। हालांकि, निर्धारित समयावधि में परीक्षा शुल्क जमा न करवाने के कारण 1,629 अभ्यर्थियों के आवेदन निरस्त कर दिए गए हैं।

स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि टी.ई.टी. नवम्बर-2026 के लिए विलंब शुल्क के साथ ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 11 सितम्बर से 8 अक्तूबर तक आयोजित की गई थी। बोर्ड द्वारा की गई छंटनी के बाद सही पाए गए 38,355 आवेदनों की विस्तृत सूची जारी कर दी गई है।

जिन अभ्यर्थियों ने समय पर परीक्षा शुल्क जमा नहीं किया है, उनके आवेदन रद्द कर सूची बोर्ड की आधिकारिक वैबसाइट पर अपलोड कर दी गई है। बोर्ड अध्यक्ष के अनुसार सही पाए गए आवेदनों में टी.जी.टी. आर्ट्स के लिए सर्वाधिक 14,186, जे.बी.टी. टी.ई.टी. के लिए 7,772 तथा टी.जी.टी. नॉन-मैडीकल के लिए 6,315 आवेदन मंजूर हुए हैं। इसके अलावा टी.जी.टी. मैडीकल के लिए 4,366, टी.जी.टी. हिंदी के लिए 2,925, टी.जी.टी. संस्कृत के लिए 2,066, स्पैशल एजुकेटर (प्री-प्राइमरी से 5वीं) के लिए 499, स्पैशल एजुकेटर (छठी से 12वीं) के लिए 133, पंजाबी टी.ई.टी. के लिए 85 तथा उर्दू टी.ई.टी. के लिए 8 आवेदन सही पाए गए हैं।

31 अक्तूबर तक दस्तावेज जमा करवाकर रोल नंबर पाने का अंतिम मौका

डॉ. राजेश शर्मा ने स्पष्ट किया कि जिन अभ्यर्थियों ने तय सीमा में परीक्षा शुल्क जमा करवा दिया था, लेकिन फिर भी उनका नाम रिजैक्शन लिस्ट में आ गया है, उन्हें राहत दी गई है। ऐसे अभ्यर्थी 31 अक्तूबर तक शुल्क भुगतान से जुड़े प्रामाणिक दस्तावेज बोर्ड कार्यालय में प्रस्तुत कर अपना रोल नंबर प्राप्त कर सकते हैं। निर्धारित तिथि के बाद किसी भी दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

पंजाब केसरी
WED,28 OCTOBER 2026
EDITION: HIMACHAL , PAGE NO. 7

स्कूल शिक्षा बोर्ड की किताबें अब कैमिकल फ्री कागज पर छपेंगी

■मान्यता प्राप्त लैब में होगी कागज की गुणवत्ता की जांच

धर्मशाला, 27 अक्तूबर (सुनील) : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने आगामी शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए पाठ्य पुस्तकों की छपाई की तैयारियां तेज कर दी हैं। बोर्ड द्वारा विद्यार्थियों को बेहतर और टिकाऊ पाठ्य सामग्री उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से इस बार 80 जी.एस.एम. के नए व कैमिकल फ्री कागज का इस्तेमाल किया जाएगा।

नई व्यवस्था के तहत वर्जिन एग्रो पल्प और कैमिकल रहित पल्प से बने कागज पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि छपाई की स्पष्टता और पन्नों की मजबूती बनी रहे। किताबों के प्रकाशन से पहले कागज के नमूनों को सरकार से मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा जाएगा। लैब रिपोर्ट में सभी निर्धारित मानकों पर खरा उतरने के बाद ही इन पुस्तकों का वितरण प्रदेश भर के स्कूली बच्चों में किया जाएगा।

इस संबंध में शिक्षा बोर्ड ने टैंडर प्रक्रिया शुरू करते हुए नियम व शर्तें जारी कर दी हैं। पुस्तकों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए बोर्ड प्रशासन ने इस बार कड़े कदम उठाए हैं। टैंडर में शामिल होने वाली फर्मों को बोर्ड की शर्तों के अनुसार ही सामग्री का चयन करना होगा।

मान्यता प्राप्त प्रयोगशाला में जांच सफल होने के बाद ही छपाई का कार्य आगे बढ़ाया जाएगा। इससे किताबों के फटने या छपाई धुंधली होने जैसी समस्याओं पर पूरी तरह से रोक लगेगी।

> हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड ने नए सत्र के लिए टैंडर आमंत्रित कर दिए हैं। इसमें कैमिकल फ्री और गुणवत्तापूर्ण कागज के प्रयोग की अनिवार्य शर्त रखी गई है, जिससे पन्नों की गुणवत्ता बेहतर रहे और विद्यार्थियों की सेहत पर भी कोई विपरीत असर न पड़े।
>
> – डॉ. राजेश शर्मा, अध्यक्ष, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड



Amar Ujala Dt. 28/10/26

टेट के लिए 38,355 छात्रों के सही पाए गए आवेदन

धर्मशाला। शिक्षक पात्रता परीक्षा (टेट) 2026 की 10 श्रेणियों की परीक्षाओं के लिए कुल 39,984 आवेदन प्राप्त हुए हैं। 38,355 अभ्यर्थियों के आवेदन सही पाए गए हैं, 1,629 ने परीक्षा शुल्क जमा नहीं करवाया है।

हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने मंगलवार को बताया कि सही आवेदनों में स्पेशल एजुकेटर टेट (प्री-प्राइमरी से कक्षा पांचवीं तक) के लिए 499, स्पेशल एजुकेटर टीईटी (कक्षा छठी से बारहवीं तक) के लिए 133, टीजीटी (आर्ट्स) के लिए 14,186, टीजीटी (मेडिकल) के लिए 4,366, जेबीटी टीईटी के लिए 7,772, टीजीटी (संस्कृत) के लिए 2,066, पंजाबी टीईटी के लिए 85, उर्दू टीईटी के लिए 8, टीजीटी (नॉन-मेडिकल) के लिए 6,315 तथा टीजीटी (हिंदी) के लिए 2,925 आवेदन शामिल हैं।

जिन्होंने निर्धारित तिथि तक परीक्षा शुल्क जमा नहीं करवाया है, उनके आवेदन निरस्त कर दिए हैं। जिन्होंने निर्धारित तिथि के भीतर शुल्क जमा करवा दिया है, लेकिन नाम एवं आवेदन संख्या रिजेक्शन लिस्ट में दर्शाई गई है, वे 31 अक्तूबर तक शुल्क संबंधित दस्तावेज बोर्ड कार्यालय में देकर अपना रोल नंबर प्राप्त करने के लिए पात्र होंगे। ब्यूरो

Danik Jagran 28/10/26

टेट के लिए आए 38,355 आवेदन सही, 1,629 निरस्त

जागरण संवाददाता, धर्मशाला : हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डा. राजेश शर्मा ने बताया कि अध्यापक पात्रता परीक्षा (टेट नवंबर-2026) की 10 श्रेणियों के लिए कुल 39,984 आवेदन मिले। इनमें 38,355 आवेदन सही पाए गए, जबकि 1,629 अभ्यर्थियों ने निर्धारित समय में परीक्षा शुल्क जमा नहीं करवाया।

टेट के लिए आनलाइन आवेदन प्रक्रिया 11 सितंबर से आठ अक्टूबर तक विलंब शुल्क सहित चली। श्रेणीवार सही आवेदनों में स्पेशल एजुकेटर टेट (प्री-प्राइमरी से कक्षा पांचवीं तक) के 499 और (कक्षा छठी से बारहवीं तक) के 133 आवेदन शामिल हैं। टीजीटी (आर्ट्स) के 14,186, टीजीटी (मेडिकल) के 4,366, जेबीटी टेट के 7,772, टीजीटी (संस्कृत) के 2,066, पंजाबी टेट के 85, उर्दू टेट के 8, टीजीटी (नान-मेडिकल) के 6,315 और टीजीटी (हिंदी) के 2,925 आवेदन सही पाए गए।

डा. राजेश शर्मा ने कहा कि निर्धारित तिथि तक शुल्क जमा न करवाने वाले अभ्यर्थियों के आवेदन निरस्त कर दिए गए हैं। उनकी सूची बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। जिन अभ्यर्थियों ने समय पर शुल्क जमा किया, लेकिन उनका नाम और आवेदन संख्या रिजेक्शन लिस्ट में है, वे शुल्क भुगतान से जुड़े दस्तावेज 31 अक्तूबर, 2026 तक बोर्ड कार्यालय में प्रस्तुत कर रोल नंबर पाने के पात्र होंगे। इसके बाद मिले आवेदनों पर विचार नहीं कियाजाएगा।

Apka Faisla 28/10/26

टीईटी नवंबर-2026 के लिए 38,355 अभ्यर्थियों के आवेदन सही पाए गए : डॉ. राजेश शर्मा

धर्मशाला, (आपका फैसला)। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि टीईटी नवंबर-2026 की दस श्रेणियों की परीक्षाओं के लिए कुल 39,984 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 38,355 अभ्यर्थियों के आवेदन सही पाए गए हैं, जबकि 1,629 अभ्यर्थियों ने आवेदन फॉर्म तो भरे हैं, लेकिन निर्धारित समयावधि में परीक्षा शुल्क जमा नहीं करवाया है।उन्होंने बताया कि टीईटी नवंबर-2026 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 11 सितंबर से 8 अक्तूबर, 2026 तक विलंब शुल्क सहित आयोजित की गई थी। विभिन्न श्रेणियों के अंतर्गत प्राप्त सही आवेदनों का विवरण इस प्रकार है= स्पेशल एजुकेटर टीईटी (प्री-प्राइमरी से कक्षा पांचवीं तक) के लिए 499, स्पेशल एजुकेटर टीईटी (कक्षा छठी से



बारहवीं तक) के लिए 133, टीजीटी (आर्ट्स) के लिए 14,186, टीजीटी (मेडिकल) के लिए 4,366, जेबीटी टीईटी के लिए 7,772, टीजीटी (संस्कृत) के लिए 2,066, पंजाबी टीईटी के लिए 85, उर्दू टीईटी के लिए 8, टीजीटी (नॉन-मेडिकल) के लिए 6,315 तथा टीजीटी (हिंदी) के लिए 2,925 आवेदन सही पाए गए हैं। डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि जिन अभ्यर्थियों ने निर्धारित तिथि तक परीक्षा शुल्क जमा नहीं करवाया है, उनके आवेदन निरस्त कर दिए गए हैं। ऐसे अभ्यर्थियों की सूची बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट www.hpbose.org पर उपलब्ध है। उन्होंने आगे बताया कि जिन अभ्यर्थियों ने निर्धारित तिथि के भीतर शुल्क जमा करवा दिया है, लेकिन उनका नाम एवं आवेदन संख्या रिजेक्शन लिस्ट में दर्शाई गई है, वे 31 अक्तूबर, 2026 तक शुल्क जमा करवाने से संबंधित दस्तावेज बोर्ड कार्यालय में प्रस्तुत कर अपना रोल नंबर प्राप्त करने के लिए पात्र होंगे। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त किसी भी आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड कार्यालय के दूरभाष नंबर 01892-242192 पर संपर्क कर सकते हैं।

टैट के 38,355 आवेदन सही, 1,629 अभ्यर्थियों ने नहीं भरी फीस

Himachal Dastak
28/10/26

धर्मशाला। हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड की शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) नवंबर-2026 के लिए 39,984 आवेदनों में से 38,355 सही पाए गए हैं, जबकि 1,629 अभ्यर्थियों ने निर्धारित समय में परीक्षा शुल्क जमा नहीं करवाया। बोर्ड अध्यक्ष डॉ. राजेश शर्मा ने बताया कि शुल्क जमा न करवाने वाले अभ्यर्थियों के आवेदन निरस्त कर दिए गए हैं। इनकी सूची बोर्ड की वेबसाइट पर उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि जिन अभ्यर्थियों ने समय पर शुल्क जमा करवाया है, लेकिन उनका नाम निरस्त आवेदनों की सूची में शामिल है, वे 31 अक्तूबर तक शुल्क जमा करवाने से संबंधित दस्तावेज बोर्ड कार्यालय में प्रस्तुत कर रोल नंबर प्राप्त कर सकते हैं। इसके बाद प्राप्त दस्तावेजों पर विचार नहीं किया जाएगा।

OCTOBER 28, WEDNESDAY HIMACHAL PRADESH

The Sunny Times

HP TET 2026: OVER 38,000 APPLICATIONS ACCEPTED, 1,629 SCRAPPED OVER FEE DEFAULT

The Sunny Times | Dharamshala |

The Himachal Pradesh Board of School Education (HPBOSE) has officially accepted 38,355 applications across ten teaching categories for the upcoming HP TET November 2026 examination, weeding out over 1,600 aspirants who failed to clear their dues.

Board Chairman Dr. Rajesh Sharma confirmed that out of nearly 40,000 total submissions received during the registration window that concluded on October 8, exactly 1,629 forms were tossed out because applicants missed the fee payment deadline. The board has already published the complete list of rejected candidates on its official portal, www.hpbose.org, signaling a strict zero-tolerance approach to incomplete filings.

Teaching hopefuls registered heavily across diverse disciplines, with TGT Arts leading the race with 14,186 valid forms, followed by Junior Basic Training (JBT) with 7,772, and TGT Non-Medical with 6,315. Other cleared applicants include 4,366 in TGT Medical, 2,925 in TGT Hindi, 2,066 in TGT Sanskrit, 499 for Pre-Primary Special Educator, 133 for Upper Primary Special Educator, 85 in Punjabi, and 8 in Urdu.

In a crucial lifeline for stranded applicants, the board announced that candidates who actually paid on time but still landed on the rejection list can clear their names. Affected aspirants must submit valid proof of fee deposit directly to the Dharamshala board office by October 31, 2026, to salvage their roll numbers, after which no appeals will be entertained. For urgent queries, candidates can directly contact the board helpline at 01892-242192.

